(viii) Industries have been asked to comply with consent requiremnts of the State Pollution Control Boards.

(ix) Public awareness campaigns are being carried out from time to time to educate people about statutory punitive provisions and the health hazards related to vehicular pbllution.

"केयर फार एनवायरनमेंट" अनुभाग की स्थापना

5439. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "केयर फार एनवायरनमेंट" नामक एक अलग अनुभाग स्थापित किए जाने के क्या कारण हैं जबकि राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय पहले से ही एक पूर्णत : सक्षम और स्थाई संस्था के रूप में कार्य कर रहा है ;

(ख) इस अनुभाग के कार्यों का ब्यौरा क्या है और इस पर प्रतिवर्ष कितनी धनराशि व्यय की जाती है ; और

(ग) इसकी स्थापना किए जाने के बाद देश को क्या पर्यावरणीय लाभ मिल रहे हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) "केयर फार दि इनवायरनमेंट कन्टेस्ट" की परियोजनाओं को क्रियान्वित हेतु किसी पृथक अनुभाग की स्थापना नहीं की गई थी । राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय को विभिन्न श्रेणियों की लगभग दो लाख प्रविष्टियों वाली उक्त प्रतियोगिता को हैंडल करने के लिए केवल सीमित परियोजना स्टाफ ही स्वीकृत किया गया था ।

(ख) परियोजना स्टाफ की आवश्यकता इस प्रतियोगिता से संबंधित सभी प्रशासनिक कार्यों अर्थात विज्ञापन प्रतियोगिता संचालन तथा सृजित पश्चातवर्ती सामग्री का उपयोग को करने के लिए थी । इस परियोजना पर किया गया व्यय निम्नवत् रहा :—

वर्ष	धनराशि (रुपए)
1992–93	7,60,557.26
1993–94	11,86,644.50
1994–95	2,45,328.50

(ग) परियोजना में काफी जन भागीदारी रही और इसमें 2 लाख से भी अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई । परियोजना द्वारा निर्मित समृद्ध दृश्य और श्रव्य संसाधन सामग्री का उपयोग स्कूलों, कालेजों, अध्यापकों और आम लोगों में पर्यावरणीय जागरूकता के संदेशों के प्रचार प्रसार में किया जा रहा है ।

गंगा सफाई परियोजना के अंतर्गत लोगों की भागीदारी

5440. चौधरी हरमोहन सिंह :
श्री आस मोहम्मद :

क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार गंगा सफाई परियोजना के अंतर्गत लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देकर प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कोई उपाय कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजनार्थ वर्षवार कितनी-कितनी सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है ।

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) गंगा कार्य योजना कार्यक्रमों की सफलता के लिए जन-भागी-

दारी एक महत्वपूर्ण कारक है । गंगा कार्य योजना के मूल उद्देश्यों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए जन-भागीदारी की मुख्य उपाय समझा गया है । इन कार्यक्रमों में गैर-सरकारी संगठनों की सहायता से प्रत्यक्ष प्रोत्साहन और विभिन्न लक्ष्य दलों को प्रोत्साहित करके जन-भागीदारी प्राप्त की जाती है ।

(ख) इच्छुक गैर-सरकारी संगठनों को प्रदर्शनी, पदयात्रा, नदी अग्र-भागों और घाटों की सफाई, नहाने के घाटों तक पहुंचने वाली सड़कों, मृदा संरक्षण, कार्यों, नारा लेखन, निबंध प्रतियोगिता और जल गुणवत्ता परीक्षण आदि कार्यों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न गैर-सरकारी संगठन. को निम्न-लिखित राशि मंजूर की गई :—

(लाख रुपये)

1992–93 . .	1.48
1993–94 . .	1.92
1994–95 . .	21.63

Baa on use of coal for environmental purposes

5441. SHRI S. AUSTIN: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether developed countries of the world have asked India and other deve loping countries to stop use of coal for environment purposes; and

(b) if so, the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRl KAMAL NATH): (a) No. Sir.

(b) Question does not arise.

Smuggling of wild life products

5442. SHRI KRISHAN LAL SHARMA:
SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI SUSHILKUMAR SAM.
BHAURAO SHINDE:

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state;

(a) whether it is a fact that Delhi is fast becoming a major transit centre for smuggling of will life products;

(b) if so, the particulars of the wild life products seized in the capital during the last three years;

(c) whether it is also a fact 'that Gov ernment have identified the name and Source of smuggling of these products; if so, particulars thereof;

(d) what action has been taken against those involved in the smuggling; and

(e) the steps being taken to check smuggling of these products?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH); (a) The increased number of reports of attempted smuggling of wildlife products from Delhi is due to the higher rate of unde-tection of such cases in recent times.

(b) The particulars of wildlife products seized in Delhi during the last three years are given in the Annexure. Statement. *(See* below).

(c) Most of the detection of cases have taken place in the areas outside the natural habitat of (the wildlife species concerned. The identification of the source is therefore difficult.

(d) Action against those involved in attempted smuggling of wildlife, wildlife products has been taken under the relevant Acts and Rules.

(e) The steps being taken by the Gov-ernment to check smuggling of wildlife products are given below.